हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 मार्च 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा - महिलाओ का कृषि अर्थव्यवस्था में अमूल्य योगदान है।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा - उन्होंने हमेशा सदन की कार्यवाही निष्पक्षता और नियमों के अनुसार संचालित करने का प्रयास किया ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल, "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" की 22 वीं  किस्त जारी करेंगे।
- इंदौर - नई दिल्ली रेल सेवा का हिसार तक विस्तार किया गया ।
- हरियाणा सरकार ने 100 स्वास्थ्य संस्थानों को " फर्स्ट रेफरल यूनिट " के रूप में नामित किया।
- आज विश्व गुर्दा दिवस पर हरियाणा में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

*************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि कृषि, विशेषकर कृषि-खाद्य प्रणालियों में कार्यरत महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में कृषि-खाद्य प्रणाली 2026 में महिलाओं की भूमिका पर वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत ने महिला नेतृत्व वाली विकास रणनीति अपनाई है।

*फसल को बोने, काटने, प्रसंस्करण करने और हाट बाजार में ले जाने जैसे सभी गतिविधियों में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मछली पालन, मधुमक्खी पालन, पशु पालन बननो उपजों के समुचित उपयुक्तता तथा कृषि पर आधारित उद्यमों को चलाने जैसे अनेक क्षेत्रों में हमारी माताएं-बहने और बेटियां अथक परिश्रम करती हैं। ये कृषि अर्थव्यवस्था को अमूल्य योगदान देते हैं।*

इस अवसर पर कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आई.सी.ए.आर. की रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जल्द ही

एक लैंगिक मंच का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मंच पूरे देश में कृषि अनुसंधान नेटवर्क में महिला केंद्रित अनुसंधान कार्यों को गति और दिशा प्रदान करेगा।

************************************************************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि उन्होंने हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सदन की कार्यवाही निष्पक्षता, अनुशासन, संतुलन और नियमों के अनुसार संचालित हो। विपक्ष द्वारा उनके निष्कासन की मांग वाले प्रस्ताव पर बयान देते हुए श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने सभी के साथ सहयोग और सद्भाव बनाए रखते हुए व्यवस्था और दक्षता कायम रखकर अपनी जिम्मेदारी पूरी की है।

मेरा हमेशा ये प्रयास रहता है कि सदन की गरिमा, मर्यादा और प्रतिष्ठा में उत्तरोत्तर वृद्धि होती रहे। हमारे संविधान द्वारा स्थापित संसदीय लोकतंत्र की व्यवस्था में मेरा हमेशा अटूट विश्वास रहा है। पिछले दो दिनों में इस सदन ने लोकतंत्र की महत्वपूर्ण संसदीय प्रणाली को पूरा किया। इस चर्चा के दौरान अनेक विचार, अनेक दृष्टिकोण अनेक भावनाएं इस सदन के सामने रखी गई। मैंने सदन के प्रत्येक माननीय सदस्यों की बात को गंभीरता और ध्यान से सुना।

श्री बिरला ने कहा कि चर्चा के दौरान, कुछ सदस्यों ने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता को बोलने से रोका जा रहा है और उन्हें बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे सदन का नेता हो, विपक्ष का नेता हो या कोई अन्य सदस्य, सभी को सदन में केवल नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार बोलने का अधिकार है।

काबिले गौर है कि लोकसभा ने कल अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग वाले विपक्ष के प्रस्ताव को चर्चा के बाद ध्वनि मत से खारिज कर दिया था।

************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा

कि प्रधानमंत्री मोदी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लगभग 9 करोड़ 32 लाख किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 640 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए एआई-आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म, भारत विस्तार के पहले चरण का शुभारंभ किया है। यह किसानों को कृषि संबंधी प्रश्नों की व्यापक जानकारी प्रदान करेगा। इसके अंतर्गत किसानों को उनकी अपनी भाषाओं में फोन कॉल के माध्यम से जानकारी दी जाएगी।

किसान कल्याण के लिए हम लोगों ने सम्पूर्ण जानकारी के साथ एक ही एआई डिजिटल प्लेटफॉर्म बन जाए भारत विस्तार और इसलिए उसके प्रथम चरण को भी लांच किया है, जिसमें किसान को सारी जानकारी एक फोन कॉल पर ही उसकी भाषा में देने का काम किया जाएगा। पिछले वर्षों में हमने एमएसपी पर जो भी गेहूं, धान, कपास, दलहन, तिलहन की रिकॉर्ड खरीदी की है और किसान को सस्ते दामों पर खाद मिलना सुनिश्चित किया है।

************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

************************************************************

इंदौर-नई दिल्ली रेल सेवा का विस्तार हिसार तक किया गया है। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने आज हिसार रेलवे स्टेशन से इस रेल को झंडी दिखाकर रवाना किया। मीडिया से बातचीत में श्री गंगवा ने कहा -

इस अवसर पर मौजूद हिसार से आज़ाद उम्मीदवार सावित्री जिंदल ने रेलगाड़ी के हिसार तक विस्तार पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा -

यह रेलगाड़ी दोपहर 1 बज कर 20 मिनट पर हिसार से रवाना होगी और शाम 6 बज कर 15 मिनट पर दिल्ली सफदरजंग स्टेशन पहुंचेगी और अगले दिन सुबह 6 बज कर 45 मिनट पर इंदौर पहुंचेगी। रेलगाड़ी इंदौर से प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को शाम पोने पाँच बजे वापसी करेगी।

************************************************************

हरियाणा  सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थय मिशन -एन एच एम के तहत प्रदेश में द्वितीयक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 100 स्वास्थ्य संस्थानों को फर्स्ट रेफरल यूनिट -एफआरयू के रूप में नामित किया है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने  बताया कि ये फर्स्ट रेफरल यूनिट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और तृतीयक अस्पतालों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करेंगी। इन एफआरयू के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, विशेषज्ञ चिकित्सा स्टाफ तैनात करने और रेफरल व्यवस्था को तेज व प्रभावी बनाने का काम किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य मातृ और नवजात मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाना है। इन यूनिट को 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने के लिए विकसित किया जा रहा है। जहां पर प्रसूति सेवाएं, नवजात शिशु देखभाल तथा रक्त भंडारण जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध होगा

************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल अनाज मंडी में लगभग 250 कूड़ेदान वितरित किए। उन्होंने व्यापारियों से कचरा कूड़ेदान में ही डालने और अपने ग्राहकों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने की अपील की।मीडिया से बातचीत में श्री गौरव गौतम ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार क्षेत्र को स्वच्छ, व्यवस्थित और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता सरकार के साथ-साथ समाज के हर नागरिक का भी नैतिक कर्तव्य है।

************************************************************

आज पूरे विश्व में गुर्दा दिवस मनाया जा रहा है इसी कड़ी में आज अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल की  प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ.पूजा पेंटल ने कहा कि आज जीवनशैली की वजह से गुर्दे की बीमारियां बढ़ रही है । उन्होंने कहा कि डायलिसिस निशुल्क होने से मरीज जल्दी स्वस्थ हो रहे है ।

उन्होंने कहा कि उनके अस्पताल में हर साल 14 से 15 हजार मरीजों का डायलिसिस हो रहा है ।

************************************************************

फरीदाबाद नागरिक अस्पताल में भी विश्व गुर्दा दिवस पर एक विशेष जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें गुर्दे से संबंधित बीमारियों, उनकी रोकथाम और समय पर जांच के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। अस्पताल में विशेष ओपीडी भी आयोजित की गई, जहां किडनी से संबंधित समस्याओं से जूझ रहे मरीजों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श दिया गया।

************************************************************